भारत सरकार
रसायन और उर्वरक मंत्रालय
औषध विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 1146
दिनांक 05 दिसंबर, 2025 को उत्तर दिए जाने के लिए

दवाओं की नियमित आपूर्ति

1146. श्री बृजेन्द्र सिंह ओलाः

क्या **रसायन और उर्वरक** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यह सच है कि जन औषधि केन्द्रों पर कई आवश्यक जीवन रक्षक दवाएं अक्सर उपलब्ध नहीं होती हैं;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इन केन्द्रों पर दवाओं की प्रभावी और नियमित आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए क्या ठोस कदम उठाए गए हैं और इसके क्या परिणाम रहे हैं;
(ग) क्या विशेषज्ञों, उपभोक्ताओं और चिकित्सकों ने इन जन औषधि केन्द्रों पर उपलब्ध दवाओं की गुणवत्ता के बारे में प्रश्न उठाए हैं, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(घ) यदि हां, तो क्या इन दवाओं की गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए निरंतर निरीक्षण, परीक्षण और मानकीकरण सुनिश्चित करने के लिए कोई आवश्यक ठोस तंत्र स्थापित किया गया है; और
(ङ) यदि हां, तो जांच के निष्कर्ष रहे हैं और यदि नहीं, तो क्या यह स्वास्थ्य के साथ समझौता नहीं है?

उत्तर

रसायन और उर्वरक राज्य मंत्री (श्रीमती अनुप्रिया पटेल)

(क) और (ख): प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि योजना के अंतर्गत उत्पाद बास्केट में 2,110 दवाएं और 315 सर्जिकल, चिकित्सा उपभोज्य वस्तुएं और उपकरण शामिल हैं, जो सभी प्रमुख चिकित्सीय समूह जैसे कि कार्डियोवस्कुलर, एंटी-कैंसर, एंटी-डायबिटिक, एंटी-इन्फेक्टिव, एंटी-एलर्जिक और गैस्ट्रो-इंटेस्टाइनल दवाएं और न्यूट्रास्यूटिकल्स आदि को कवर करते हैं। लैब रिएजेंट और वैक्सीन को छोड़कर, राष्ट्रीय आवश्यक औषधि सूची में शामिल लगभग सभी जेनेरिक दवाएं इस उत्पाद बास्केट का हिस्सा हैं।

जन औषधि केंद्रों (जेएके) में दवाओं की प्रभावी और नियमित आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए कई कदम उठाए गए हैं, जिनमें निम्नलिखित शामिल हैं:

(i) सितंबर 2024 से, जेएके द्वारा सामान्यत: उपयोग की जाने वाली 200 दवाओं, जिनमें योजना उत्पाद बॉस्केट में शामिल बाजार मे सर्वाधिक बिक्री होने वाली 100 दवाएं और तेजी से बिकने वाली 100 दवाएं शामिल हैं, का स्टॉक बनाए रखने के लिए प्रोत्साहन दिया गया है, जिसके रखे जाने पर जेएके मालिक इन दवाओं के स्टॉक के आधार पर मासिक प्रोत्साहन के लिए पात्र हैं।

(ii) एक सुदृढ़ आपूर्ति श्रृंखला प्रणाली स्थापित करने के लिए एक परिपूर्ण सूचना प्रौद्योगिकी सक्षम आपूर्ति श्रृंखला प्रणाली स्थापित की गई है जिसमें एक केन्द्रीय मालगोदाम, चार क्षेत्रीय मालगोदाम और देश भर में वितरकों का एक बढ़ता हुआ नेटवर्क शामिल है, जिनकी वर्तमान संख्या 39 है।

(iii) इसके अलावा, सामान्यत: उपयोग किए जाने वाले उत्पादों की उपलब्धता सुनिश्चित करने की दृष्टि से, योजना कार्यान्वयन एजेंसी {भारतीय औषध एवं चिकित्सा उपकरण ब्यूरो (पीएमबीआई)} द्वारा 400 तेज़ी से बिकने वाले उत्पादों की नियमित रूप से निगरानी की जाती है और इसकी मांग का निरंतर आधार पर पूर्वानुमान लगाया जाता है। इसके अतिरिक्त, स्वचालन के माध्यम से खरीद प्रक्रिया को संवर्धित करने के लिए पूर्वानुमान पद्धति के डिजिटलीकरण के लिए कदम उठाए गए हैं।

इसके परिणामस्वरूप, जेएके से दवाओं की बिक्री वित्तीय वर्ष 2023-24 में ₹1,470 करोड़ के मूल्य के अधिकतम खुदरा मूल्य की तुलना में वित्तीय वर्ष 2024-25 में बढ़कर ₹2,022.47 करोड़ हो गई है।

(ग) से (ङ): विशेषज्ञों, उपभोक्ताओं और डॉक्टरों सहित कोई भी व्यक्ति, भारत सरकार के केंद्रीकृत लोक शिकायत निवारण और निगरानी प्रणाली (सीपीजीआरएएमएस) पोर्टल का उपयोग करके या complaints@janaushadhi.gov.in पर ईमेल करके या योजना हेल्पलाइन नंबर 1800 180 8080 पर कॉल करके जेएके के संबंध में अपनी शिकायतें दर्ज कर सकता है, जिसमें उनके माध्यम से उपलब्ध कराई गई दवाओं की गुणवत्ता संबंधी शिकायतें भी शामिल है। तथापि, देश भर में प्रतिदिन लगभग 15 लाख उपभोक्ता जनऔषधियों की खरीद करते हैं, वित्त वर्ष 2024-25 में पूरे वर्ष में दर्ज शिकायतों की संख्या 2,102 थी, जिसका आशय है कि शिकायत रजिस्ट्रेशन दर 0.0004% से भी कम है।

जेएके में उपलब्ध दवाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से, जिससे रोगियों के स्वास्थ्य से समझौता न हो, निरंतर निरीक्षण, परीक्षण और मानकीकरण सुनिश्चित करने के लिए ठोस तंत्र स्थापित किए गए हैं, जिनमें निम्नलिखित शामिल हैं:

(i) *केवल विश्व स्वास्थ्य संगठन-उत्तम विनिर्माण पद्धति (डब्ल्यूएचओ-जीएमपी) प्रमाणित संयंत्रों से आपूर्ति:* केवल वे संयंत्र आपूर्ति के लिए पात्र हैं जिन्हें प्रत्यक्ष निरीक्षण के बाद केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) द्वारा डब्ल्यूएचओ-जीएमपी अनुपालक के रूप में प्रमाणित किया गया है।

(ii) *सभी दवा बैचों के 100% पूर्व-परीक्षण के बाद ही वितरण:* पीएमबीआई के मालगोदामों में आपूर्ति किए गए 100% बैचों से परीक्षण के लिए यादृच्छिक रूप से नमूने लिए जाते हैं और गुणवत्ता परीक्षण में उत्तीर्ण होने के बाद ही दवाओं को जेएके को आपूर्ति के लिए भेजा जाता है।

(iii) *केवल उत्तम प्रयोगशाला पद्धतियों (जीएलपी) के अनुरूप प्रयोगशालाओं में परीक्षण:* नमूनों का परीक्षण केवल राष्ट्रीय परीक्षण और अंशशोधन प्रयोगशाला प्रत्यायन बोर्ड (एनएबीएल) द्वारा मान्यता प्राप्त और समय-समय पर निरीक्षण की गई प्रयोगशालाओं में किया जाता है और इसके अलावा, इन प्रयोगशालाओं का जीएलपी अनुपालन के लिए पीएमबीआई द्वारा मूल्यांकन किया जाता है।

*****